भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 4785
31 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

स्मार्ट सिटी मिशन का लक्ष्य

4785. श्री धर्मेन्द्र कश्यपः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश राज्य में स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) की स्थिति और लक्ष्य तथा उद्देश्य क्या हैं;
(ख) उत्तर प्रदेश में एससीएम के अंतर्गत चल रही परियोजनाओं पर कोविड-19 का क्या प्रभाव पड़ा है और इससे निपटने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं; और
(ग) उत्तर प्रदेश में एससीएम के अंतर्गत प्राप्त किए गए लक्ष्यों का शहर-वार ब्यौरा क्या है और उक्त शहरों में सभी परियोजनाओं को कब तक पूरा किया जाएगा?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) से (ग): भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) आरंभ किया। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 चरणों के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य के 10 शहरों का स्मार्ट सिटी के रूप में विकास के लिए चयन किया गया है। उत्तर प्रदेश में स्मार्ट शहरों की परियोजनाओं की शहर-वार स्थिति अनुलग्नक-I में दी गई है।

कोविड-19 महामारी से संबंधित लॉकडाउन और अन्य अभूतपूर्व स्थितियों के कारण उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में स्मार्ट सिटी के कार्यों के निष्पादन में अस्थायी रुकावटें आईं। तथापि, स्मार्ट शहरों ने लॉकडाउन हटाए जाने के बाद से तत्परता से काम करना शुरू किया। एससीएम के कार्यान्वयन की अवधि जून 2023 तक बढ़ा दी गई है। उत्तर प्रदेश सहित सभी स्मार्ट शहरों से निर्धारित समय के भीतर अपनी परियोजनाओं को पूरा करने की उम्मीद है।

****

श्री धर्मेंद्र कश्यप, माननीय सांसद द्वारा स्मार्ट सिटी मिशन के लक्ष्य के संबंध में पूछे गए दिनांक **31.03.2022** के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या **4785** के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-**I**

उत्तर प्रदेश में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की स्थिति

(करोड़ रू. में)

स्मार्ट सिटी	भारत सरकार द्वारा जारी निधि	स्मार्ट सिटी द्वारा निधियों का उपयोग	डीपीआर चरण		निविदा चरण		कार्य आदेश चरण		पूर्ण कार्य		कुल परियोजनाएं	
			परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि t	परियोजनाओं की संख्या	राशि
आगरा	392.00	392.00	0	0.00	0	0.00	10	718.30	49	1650.60	59	2368.90
अलीगढ	294.00	196.00	3	11.02	5	132.36	19	578.12	27	998.37	54	1719.87
बरेली	196.00	196.00	0	0.00	0	0.00	44	743.81	41	523.42	85	1267.23
झाँसी	196.00	196.00	3	6.04	2	9.27	40	1032.09	26	799.37	71	1846.77
कानपुर	294.00	291.88	0	0.00	3	244.23	31	2096.95	22	1051.50	56	3392.68
लखनऊ	294.00	291.01	0	0.00	1	95.00	13	517.85	59	1483.10	73	2095.95
मुरादाबाद	196.00	139.94	0	0.00	5	112.78	24	637.40	9	607.94	38	1358.12
प्रयागराज	294.00	293.00	7	29.58	4	367.01	58	328.64	48	1463.93	117	2189.16
सहारनपुर	196.00	59.56	0	0.00	24	623.21	17	460.74	6	46.95	47	1130.90
वाराणसी	392.00	390.81	0	0.00	0	0.00	14	435.19	92	2939.71	106	3374.90
कुल	**2,744.00**	**2,446.20**	**13**	**46.64**	**44**	**1,583.86**	**270**	**7,549.09**	**379**	**11,564.89**	**706**	**20,744.48**

(4 मार्च, 2022 तक एससीएम भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (जीएमआईएस)

****